संकलन--नगर निगम, रतलाम अखबार प्रसारण --पृष्ठ 04 दिनांक 29/01/2021

निगम आयुक्त झारिया ने ली टी.एल. बैठक

# नशा मुक्ति हेतु दिलाई ऑन लाईन शपथ

प्रसारण न्यूज • रतलाम



सिविक सेन्टर स्थित तरणताल (स्वीमिंग पुल) के पीछे स्थित मिटिंग हॉल में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टी.एल. बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त झारिया ने निर्देशित किया कि जिस-जिस विभाग में सीएम हेल्प लाईन की शिकायत लंबित है उनका समय-सीमा में निराकरण करवाकर शिकायत बंद कराएं, साथ ही 100 व 300 दिवस से ऊपर की लंबित शिकायतें हैं, उन्हें 2 दिवस में अनिवार्य रूप से कटवाना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा लोक सेवा से संबंधित नगर निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाएं प्राथमिकता से नागरिकों को दिए जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया, साथ ही संबल योजना के प्रकरणों का श्रम विभाग व नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

खुले में कचरा डालने वाले व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि खुले में कचरा डालने वाले व्यक्तियों का फोटो एवं वीडियो बनाकर मुझे भेजें, ऐसे व्यक्तियों का उनके निवास स्थल पर जाकर स्पॉट फाईन किया जाएगा।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने कहा कि सिविक सेन्टर स्थित तरणताल का यह मिटिंग हॉल में प्रोजेक्टर, एलईडी टी.वी., साउण्ड सिस्टम से लैस है, इस हॉल को एस. बी. एम. सेल ऑफिस के रूप में उपयोग किए जाने के साथ ही, जी पी एस सिस्टम संचालन का केन्द्र रहेगा।

इस अवसर पर नशा मुक्ति हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने नशा मुक्ति हेतु उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति हेतु ऑन लाईन शपथ दिलाई।

आयोजित बैठक में उपायुक्त नगर पालिक निगम रतलाम व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशीकांत शुक्ला, उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, प्र. कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, प्रभारी जलप्रदाय सत्यप्रकाश आचार्य, प्रभारी उद्यान विभाग अरविन्द दशोत्तर, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, निगम सचिव जसवन्त जोशी, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी श्रीमती आयुषी पालीवाल, प्रभारी पेंशन जगदीश पांचाल, उपयंत्री मनीष तिवारी, सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सहायक राजस्व निरीक्षक अंजनी प्रसाद मिश्रा आदि उपस्थित थे।

29/1/21

# हथेलियों पर मेहंदी रचाकर दिया स्वच्छता का संदेश

रतलाम। स्वच्छता हर इंसान के लिये काफी महत्व रखती है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत नगर निगम रतलाम शहर के प्रमुख बाजारों, कालोनियों, सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था को चौक चौबंद रखने के साथ ही अब स्लम बस्तियों को स्वच्छ बनाने में जुट गया है। यहां मूलभूत सुविधाओं को लगातार जहां एक और दुरुस्त किया जा रहा है वहीं इन्हीं स्वच्छता की दौड़ में भी अव्वल बनाने के प्रयास तेजी से चल रहे है। बुधवार को शहर की ईश्वर नगर, मोती नगर सहित आधा दर्जन बस्तियों के सैकड़ों लोगों के बीच स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं ने हथेलियों पर मेंहदी रचा कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया है।

ईश्वर नगर स्थित स्कूल व आंगनवाड़ी केन्द्र परिसर में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में नगर निगम की सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, व प्रदेश में सुपर हीरो सम्मान से सम्मानित व महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती एहतेशाम अंसारी की विशेष उपस्थिति में स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में आधा दर्जन से ज्यादा स्लम बस्तियों से आई महिलाएं व बालिकाएं शामिल रही। रैली पूरे क्षेत्र में हम सबने ठाना है, रतलाम को स्वच्छ बनाना है कि नारे लगाते हुए वापस स्कूल परिसर में लौटी। २।५

## सीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज

रतलाम | सीएम शिवराजसिंह अगले महीने रतलाम आने वाले हैं। इसको लेकर तैयारी तेज हो गई है। गुरुवार को कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचंद्र डाड ने निगम के अफसरों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि सीएम का आगामी दिनों में दौरा प्रस्तावित है। ऐसे में तैयारी शुरू करें। मार्गों की मरम्मत कराएं व साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। डोसीगांव में पंडाल सहित अन्य व्यवस्थाएं किस तरह से करना है इसके निर्देश दिए। इस मौके पर आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। भास्कर

## प्रशासन इलेवन ने छह रनों से रोमांचक जीत हासिल की

रतलाम। गणतंत्र दिवस पर प्रशासन इलेवन तथा नगर निगम इलेवन के मध्य क्रिकेट मैच हुआ। इसमें प्रशासन इलेवन ने छह रनों से रोमांचक जीत हासिल की। मैच स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर खेला गया। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मैच में प्रशासन इलेवन द्वारा पहले बल्लेबाजी की गई। प्रशासन इलेवन की ओर से सीईओ जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। मध्यांचल

## स्वच्छंद विचरण करने वाले 591 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है, जिसके तहत 12 अक्टूबर से 27 जनवरी तक 591 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 27 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 591 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 27 जनवरी को कस्तुरबा नगर, मुखर्जी नगर, अलकापुरी व विनोबा नगर से 5 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए। प्रसारण

2/5

## गंदगी फैलाने का 14 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। निगम द्वारा गंदगी करने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर ऑन लाईन वियर, वी.एफएफ बेड, च्वाईस ब्यूटिक, राज गिफ्ट दो बत्ती, अर्जुन बस महू रोड, गुड्डू आपा काजीपुरा पर 250-250, जमनालाल, सुरेश, विष्णु कुमार, परशुराम, मनीष महू रोड बस स्टैण्ड, यूनिक हार्डवेयर, मालवा मशीनरी लक्कड़पीठा रोड पर 100-100 व लखन चांदनी चौक पर 50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# निगम आयुक्त झारिया ने निगम भवन पर ध्वजारोहण किया

रतलाम। गणतंत्र दिवस के अवसर पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रातः 7:30 बजे निगम भवन पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण पश्चात निगम



आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को 72वें गणतंत्र दिवस की शुभकामना देकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम को स्वच्छ सर्वेक्षण में नम्बर 1 बनाने हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से एकजुट होकर कार्य करने का आव्हान किया।

इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, निशिकान्त शुक्ला, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, एम.के. जैन, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, निगम सचिव जसवंत जोशी, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, लेखापाल जगदीश पांचाल, उपयंत्री राजेश पाटीदार, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## बीएलसी आवास डीपीआर की निगम आयुक्त ने की समीक्षा

# आवास योजना के हितग्राहियों को राशि भुगतान की कार्रवाई की जाए

रतलाम ● स्वदेश समाचार

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्लम बस्तियों में निवासरत् नागरिकों को पक्के मकान निर्माण हेतु बीएलसी योजना के तहत दी जाने वाली राशि की डीपीआर की समीक्षा निगम आयुक्त श्री झारिया ने की।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बिरियाखेड़ी, ईश्वर नगर व बजरंग नगर की 1351 व 121 तथा नगर की 39 बस्तियों के 3442 की डीपीआर की समीक्षा कर निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों के नाम अनुमोदित है उन्हें राशि भुगतान की कार्रवाई की जाए साथ ही ऐसे हितग्राही जिन्हें राशि आवंटित हो चुकी है व निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है उन्हें नोटिस जारी कर एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए जाए, फिर भी संबंधित यदि कार्य प्रारंभ नहीं करता है तो राशि वापसी की कार्रवाई की जाए।



### नगर निगम ने कबाड़ से बनाई यातायात क्रेन

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में 4 आर के तहत नवाचार करते हुए नगर निगम के अनुपयोगी सामग्री से यातायात क्रेन तैयार धन की बचत के साथ ही रिदूज को बढ़ावा दिया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में 4 आर के तहत नवाचार करने हेतु निगम की 10 वर्ष पुरानी स्वराज माजदा को यातायात क्रेन के रूप में विकसित किया गया है जिसमें पुरानी सामग्री उपयोग किए जाने के साथ ही 2,93,000/- की राशि से टायर, बैटरी, ऑटो पार्ट्स, केबिन एसेसरिज, फर्श शीट, साइडो शीट, एंगल पत्ती आदि, कलर, हाईड्रोलिक पम्प सहित अन्य सामग्री नई क्रय की गई है। नवीन क्रेन क्रय करने में लगभग 30-35 लाख की राशि व्यय होती। निगम कर्मचारियों ने मात्र 2,93,000/- की राशि की नवीन सामग्री व अनुपयोगी सामग्री से क्रेन तैयार कर दी है इसके लिए प्रशंसा के पात्र है इससे सभी को सामग्री रियूज करने की प्रेरणा मिलेगी।

आयोजित समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि आवासहीनों को आवास उपलब्ध कराना एक पुण्य कार्य है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी ना करते हुए पात्र हितग्राहियों को राशि भुगतान की कार्यवाही शीघ्र करें।

आयोजित बैठक में रेसीडेंस इंजीनियर एजीस उज्जैन सलीम खान, उपायुक्त विकास सोलंकी, प्र. कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, उपयंत्री राजेश पाटीदार, विकाससिंह मरकाम, मनीष तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सहायक वर्ग 2 गोपाल झालीवाल, एजीस के हितेश पंडित, प्रवीण तिवारी, विपिन पटेल, सचिन आनंद, विजयसिंह मकवाना, चेतन जोशी, हेमंत यादव आदि उपस्थित थे।

स्वदेश

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नवभारत–पृष्ठ 02 दिनांक 29/01/2021

# तरण ताल के हॉल को निगम बनाएगा एसबीएम सेल ऑफिस

रतलाम। सिविक सेन्टर स्थित तरणताल ( स्वीमिंग पूल ) के पीछे स्थित मिटिंग हॉल में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टीएल बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## टीएल बैठक में निगमायुक्त के निर्देश

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि जिस-जिस विभाग में सीएम हेल्प लाईन की शिकायत लंबित है उनका समय-सीमा में निराकरण करवाकर शिकायत बंद करावें साथ ही 100 व 300 दिवस से उपर की लंबित शिकायते है उन्हे 2 दिवस में अनिवार्य रूप से कटवाना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा लोक सेवा से संबंधित नगर निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाऐं प्राथमिकता से नागरिकों को दिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया साथ ही संबल योजना के प्रकरणों का श्रम विभाग व नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये।

खुले में कचरा डालने वाले व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि खुले में कचरा डालने वाले व्यक्तियों का फोटो एवं विडियो बनाकर मुझे भेजे ऐसे व्यक्तियों का उनके निवास स्थल पर जाकर स्पॉट फाईन किया जावेगा। निगम आयुक्त ने कहा कि सिविक सेन्टर स्थित तरणताल का यह मिटिंग हॉल में प्रोजेक्टर, एलईडी टी.वी., साउण्ड सिस्टम से लैस है इस हॉल को एसबीएम सेल ऑफिस के रूप में उपयोग किये जाने के साथ ही जीपीएस सिस्टम संचालन का केन्द्र रहेगा। इस अवसर पर नशा मुक्ति हेतु निगमायुक्त ने नशा मुक्ति हेतु उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति हेतु ऑन लाईन शपथ दिलाई।

बैठक में उपायुक्त निशीकान्त शुक्ला, उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, एमके जैन, सत्यप्रकाश आचार्य, अरविन्द दशोत्तर, एपी सिंह, जसवन्त जोशी, रामचन्द्र शर्मा, आयुषी पालीवाल, जगदीश पांचाल, मनीष तिवारी, कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी आदि उपस्थित थे।

नवभारत

# निगम आयुक्त ने बैठक में की कार्यों की समीक्षा

रतलाम। सिविक सेन्टर स्थित तरणताल (स्वीमिंग पुल) के पीछे स्थित मिटिंग हॉल में निगम आयुक्त ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टी.एल. बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



आयोजित बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि जिस-जिस विभाग में सीएम हेल्प लाईन की शिकायत लंबित है उनका समय-सीमा में निराकरण करवाकर शिकायत बंद करावें साथ ही 100 व 300 दिवस से उपर की लंबित शिकायते है उन्हे 2 दिवस में अनिवार्य रूप से कटवाना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा लोक सेवा से संबंधित नगर निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाऐं प्राथमिकता से नागरिकों को दिये जाने हेतु निगम आयुक्त ने निर्देशित किया साथ ही संबल योजना के प्रकरणों का श्रम विभाग व नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। खुले में कचरा डालने वाले व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु निगम आयुक्त ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि खुले में कचरा डालने वाले व्यक्तियों का फोटो एवं विडियो बनाकर मुझे भेजे ऐसे व्यक्तियों का उनके निवास स्थल पर जाकर स्पॉट फाईन किया जावेगा। निगम आयुक्त ने कहा कि सिविक सेन्टर स्थित तरणताल का यह मिटिंग हॉल में प्रोजेक्टर, एलईडी टी.वी., साउण्ड सिस्टम से लैस है इस हॉल को एस.बी.एम. सेल ऑफिस के रूप में उपयोग किये जाने के साथ ही जीपीएस सिस्टम संचालन का केन्द्र रहेगा। २१५



## बीएलसी आवास डीपीआर की निगम आयुक्त ने समीक्षा की

# एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए

5/7

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्लम बस्तियों में निवासरत् नागरिकों को पक्के मकान निर्माण हेतु बीएलसी योजना के तहत दी जाने वाली राशि की डीपीआर की समीक्षा निगम आयुक्त ने की।

निगम आयुक्त ने बिरियाखेड़ी, ईश्वर नगर व बजरंग नगर की 1351 व 121 तथा नगर की 39 बस्तियों के 3442 की डीपीआर की समीक्षा कर निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों के नाम अनुमोदित है उन्हे राशि भुगतान की कार्यवाही की जाये साथ ही ऐसे हितग्राही जिन्हे राशि आवंटित हो चुकी है व निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है उन्हे नोटिस जारी कर एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये जाये फिर भी संबंधित यदि कार्य प्रारंभ नहीं करता है तो राशि वापसी की कार्यवाही की जाये। आयोजित समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि आवासहीनों को आवास उपलब्ध कराना एक पुण्य कार्य है इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी ना करते हुए पात्र हितग्राहियों को राशि भुगतान की कार्यवाही शीघ्र करें।

आयोजित बैठक में रेसीडेंस इंजीनियर एजीस उज्जैन सलीम खान, उपायुक्त विकास सोलंकी, प्र.कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, लेखाधिकारी विजय बालोदा, उपयंत्री राजेश पाटीदार, विकाससिंह मरकाम, मनीष तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सहायक वर्ग 2 गोपाल झालीवाल, एजीस के हितेश पंडित, प्रवीण तिवारी, विपिन पटेल, सचिन आनन्द, विजय सिंह मकवाना, चेतन जोशी, हेमन्त यादव आदि उपस्थित थे।